भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1852

04 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ड्रोन प्रौद्योगिकी के माध्यम से टीबी (क्षयरोग) के निदान को बढ़ावा देना

1852. श्री नीरज शेखर:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की नवीनतम अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, टीबी के निदान के समय और लागत को कम करने में ड्रोन अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2025 तथा 2026 के दौरान, आज की तिथि तक, राज्य-वार चिन्हित किए गए टीबी के मामलों की संख्या कितनी है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा अपनी आई-ड्रोन पहल के तहत किए गए नवीनतम अध्ययन के अनुसार, ड्रोन की सहायता से टीबी के बलगम के नमूनों के परिवहन से दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में टीबी निदान पर होने वाले समय और लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। एम्स बीबीनगर और राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के सहयोग से तेलंगाना के यदाद्री-भुवनगिरी जिले में किए गए अध्ययन से पता चला है कि टीबी निदान के लिए औसत रिपोर्ट आने का समय 15 दिनों से घटकर 5 दिन हो गया, जबकि मरीजों द्वारा जेब से होने वाले औसत व्यय में लगभग 9,451 रुपये से घटकर 91 रुपये रह गया, जिससे टीबी निदान सेवाओं तक समय पर पहुंच में सुधार हुआ।

(ग): वर्ष 2025 और 2026 के दौरान अब तक राज्य-वार पता लगाए गए टीबी के मामलों की संख्या **अनुलग्नक** के रूप में दिया गया है।

अनुलग्नक

दिनांक 04.08.2026 को उत्तर दिए जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1852 भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्ष 2025 और 2026 के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान (राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम) के अंतर्गत अधिसूचित टीबी मामलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुसार संख्या		
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**2025 (जनवरी से दिसंबर)**	**2026 (जनवरी से जून)**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	518	251
आंध्र प्रदेश	78594	37356
अरुणाचल प्रदेश	2495	1218
असम	51202	23693
बिहार	221692	114461
चंडीगढ़	6562	3177
छत्तीसगढ़	39716	18596
दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव	1301	562
दिल्ली	112914	57047
गोवा	1881	948
गुजरात	131850	65307
हरियाणा	88862	46614
हिमाचल प्रदेश	14670	7418
जम्मू और कश्मीर	12017	5403
झारखंड	65909	30231
कर्नाटक	75635	35718
केरल	19538	8927
लद्दाख	279	112
लक्षद्वीप	15	5
मध्य प्रदेश	173527	75890
महाराष्ट्र	217994	95153
मणिपुर	2609	1267
मेघालय	4650	2187
मिजोरम	2311	1075
नागालैंड	4153	1883
ओडिशा	60565	28592
पुदुच्चेरी	3373	1544
पंजाब	61055	29807
राजस्थान	163522	82348
सिक्किम	1211	527
तमिलनाडु	93264	43991
तेलंगाना	79690	26697
त्रिपुरा	3369	1648
उत्तर प्रदेश	710242	337282
उत्तराखंड	28559	13915
पश्चिम बंगाल	101644	48888

डेटा स्रोत: नि-क्षय पोर्टल (13.07.2026 स्थिति के अनुसार)

******